मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 71, मुंबई, मंगलवार, 7 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

झारखंड में ईडी का बड़ा ऐक्शन

आलमगीर आलम का निजी सचिव गिरफ्तार

झारखंड में खत्म हुई पैसों की गिनती, 35.23 करोड़ रुपये बरामद, ईडी को मिले थे नोटों के अंबार

मुंबई हलचल/संवाददाता

रांची। झारखंड में मिले नोटों के पहाड़ की गिनती अब खत्म हो चुकी है। ईडी के मुताबिक, इस गिनती के दौरान करोड़ों रुपये बरामद किए गए हैं। बता दें कि बीते दिन ईडी ने झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर 6 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। ये छापेमारी सस्पेंड चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके करीबियों और नेताओं पर की गई थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

गरमा गई नोट गिनने वाली मशीनें

दरअसल, ईडी ने सोमवार सुबह चार बजे से छापेमारी शुरू की थी। दिनभर रेड के बाद ईडी ने 35.23 करोड़ रुपए कैश बरामद किए। इसमें 31.20 करोड़ केवल नौकर के घर में मिला। निजी सचिव के यहां भी 10 लाख रुपए मिले। नोट गिनने के लिए एक-दो नहीं बल्कि 8 मशीनें मंगाई गईं। देर रात नोटों की गिनती चलती रही। इस दौरान कई मशीनें बंद भी हो गईं। कुछ मशीनें लगातार नोट गिनने से गरमा गईं। ईडी को कैश के साथ-साथ गहने भी मिले हैं।

6 जगहों पर की गई थी छापेमारी

ईडी के एक अधिकारी ने बताया था कि रांची में 6 जगहों पर छापेमारी चल रही है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर से बड़ी रकम बरामद की गई है। ईडी ने झारखंड के मंत्री और उनके सहयोगियों से जुड़े 6 परिसरों को कवर किया है। बता दें कि ये छापेमारी ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम से जुड़े मामले में छापेमारी की है।

5 बीजेपी नेताओं को जेल भेजने की थी उद्धव ठाकरे की योजना

सीएम शिंदे का सनसनीखेज खुलासा

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। बीजेपी को डराकर 20 से 25 विधायकों तोड़ने के साथ बीजेपी विधायक दल के तत्कालिन नेता देवेन्द्र फड़णवीस, गिरीश महाजन समेत भाजपा के 5 नेताओं को जेल में डालने की योजना उद्धव ठाकरे ने बनाई थी। यह सनसनीखेज खुलासा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया है.सीएम शिंदे ने कहा कि तत्कालिन सीएम उद्धव ठाकरे बीजेपी नेताओं को जेल भेज कर महाविकास आघाड़ी को मजबूत करना चाह रहे थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सोमवार को उत्तर पूर्व मुंबई लोकसभा क्षेत्र के भांडुप में आयोजित सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज मातृशक्ति का सम्मान करते थे। इसी प्रकार हमारी सरकार महाराज के आदर्श को सामने रखकर कार्य कर रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

वोटिंग के वक्त मोबाइल घर पर रखने का फरमान

पोलिंग बूथ पर फोन मिला तो दर्ज होगा केस

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई में लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही चुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। 20 मई को मुंबई में पांचवें चरण का मतदान होना है। लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेते समय कुछ नियमों का ध्यान रखना आवश्यक है। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्र में मोबाइल फोन ले जाने पर रोक लगा दी है। अगर पोलिंग बूथ में मोबाइल पाया गया तो, संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसका मोबाइल भी जब्त किया जाएगा। केंद्र में गाने बजाने या संवेदनशील प्रक्रियाओं का चित्रण करने से मतदान प्रक्रिया बाधित होने का खतरा रहता है। मतदान एक गोपनीय मामला है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

जरूरी नोट्स

- यह प्रतिबंध चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने के लिए मोबाइल फोन के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए लगाया गया है।
- ऐसे मामलों में, मोबाइल फोन पाए जाने पर मतदाता को मतदान केंद्र में प्रवेश करने से रोक दिया जाता है।
- मतदान केंद्र पर पुलिस अधिकारी द्वारा जांच के बाद ही मतदाताओं को मतदान केंद्र के अंदर जाने की अनुमति दी जाती है।
- साथ ही मोबाइल फोन को केंद्र के बाहर रखने पर ही अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।
- कुछ केंद्रों के बाहर मोबाइल रखने की व्यवस्था की गई है। लेकिन इस जगह पर मोबाइल चोरी होने या एक्सचेंज होने का खतरा रहता है।

वॉट्सएप पर डील, दिल्ली से प्लेन से नागपुर भेजी जाती थीं लड़कियां

हैवानों से बची इंजीनियर गर्ल

मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर में चलाए जा रहे एक सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट में आरोपी दिल्ली से लड़कियों को प्लेन से नागपुर ले जाता था जिसके बाद उन्हें जबरन जिस्म फरोशी के दलदल में पटक देता था। (शेष पृष्ठ 3 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

रायबरेली, अमेठी का बेसिर पैर का फैसला

हर राजनीतिक दल के पास समर्थकों और भक्तों की एक सेना होती है। पहले यह सेना सड़कों पर उतरती थी, जुलूस में जाती थी, नारे लगाती थी और नेता के हर सही, गलत फैसले का बचाव करती थी। अब समर्थकों और भक्तों की सेना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उतरती है और वहां आभासी लड़ाई लड़ती है। कहने की जरुरत नहीं है कि पार्टी या नेता चाहे अलग अलग हों लेकिन भक्त एक जैसे होते हैं। तभी जिस तरह से हजारों, लाखों लोगों ने ताली और थाली बजा कर कोरोना भगाने की अपील को जस्टिफाई करने के अनेक धार्मिक व वैज्ञानिक तर्क ढूंढ लिए थे उसी तरह रायबरेली और अमेठी का उम्मीदवार तय करने के कांग्रेस के फैसले को भी जस्टिफाई करने के तर्क ढूंढ लिए गए हैं। जैसे कोविड महामारी के समय लॉकडाउन और ताली थाली बजाने को कोरोना भगाने का मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा था वैसे ही राहुल गांधी के रायबरेली और किशोरी लाल शर्मा के अमेठी से चुनाव लड़ने को मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है। सोशल मीडिया में पत्रकारों और विश्लेषकों की बड़ी जमात इसे गेमचेंजर बता रही है। जब कांग्रेस ने राहुल गांधी को रायबरेली और किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से चुनाव लड़ाने का फैसला किया तो सबसे मजेदार टिप्पणी कांग्रेस के महासचिव और संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की। उन्होंने लिखा- राहुल गांधी राजनीति और शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी हैं। सोच समझ कर दांव चलते हैं। ऐसा निर्णय पार्टी के नेतृत्व ने बहुत विचार विमर्श करके बड़ी रणनीति के तहत लिया है। उन्होंने आगे लिखा- इस फैसले से भाजपा, उनके समर्थक और चापलूस धराशायी हो गए हैं। उनको समझ नहीं आ रहा अब क्या करें? रायबरेली सिर्फ सोनिया गांधी की नहीं, खुद इंदिरा गांधी की सीट रही है। यह विरासत नहीं जिम्मेदारी है, कर्तव्य है। इस ट्विट के तुरंत बाद भक्त संप्रदाय को मसाला मिल गया और वे इसे मास्टरस्ट्रोक ठहराने के तर्क ढूंढने और गढ़ने लगे। कई लोगों ने तो ऐसे ऐसे तर्क ढूंढ लिए हैं, जिनके बारे में फैसला करने वालों ने भी नहीं सोचा होगा। बहरहाल, जयराम रमेश के ट्विट से ही बात शुरू करें। उन्होंने कहा कि, रायबरेली सिर्फ सोनिया गांधी की नहीं, खुद इंदिरा गांधी की सीट रही है। तभी सवाल है कि क्या इंदिरा या सोनिया गांधी ने कभी अपनी सीट छोड़ी?

सद्भावना मंच का ईद मिलन कार्यक्रम संपन्न

मिलजुल कर रहने की परंपरा है देश की खूबसूरती : गुलाम रसूल अंसारी

मुंबई हलचल/संवाददाता

जबलपुर। विगत 5 माई रविवार को इंडियन कॉफी हाउस में सद्भावना मंच का ईद मिलन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रोग्राम का संचालन सद्भावना मंच के सचिन श्री शकील साहब ने किया। जिसमें शहर के सभी धर्म के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सद्भावना मंच के सदस्य श्री गुलाम रसूल साहब ने बताया कि सारी दुनिया में भारत देश एक ऐसा देश है जहां सभी धर्म, जाति, और सांप्रदायिक के लोग यहां आपस में मिलजुल कर रहते हैं और यही इस देश की खूबसूरती है। मगर हमारे ही देश में कुछ ऐसे असामाजिक

तत्व भी पाए जाते हैं जो दो समुदायों के बीच में दरार डालने की कोशिश करते हैं। समुदायों को लड़ने की कोशिश करते हैं। सद्भावना मंच का मकसद है कि हम आपस में मिलजुल कर रहे ताकि हमारा देश तरक्की की राहों में ऊंचाइयों को छुए। वही श्री अमित पांडे जी ने कहा के वर्तमान परिस्थितियों में ऐसे प्रोग्राम की सख्त जरूरत है जिससे कि लोग आपस में मिले-जुले एक दूसरे को जाने समझे ताकि समाज में एक अच्छा माहौल बने। श्री अमरदीप सिंह जी ने कहां के हमारा भारत एक गुलदस्ते की तरह है जिसमें तरह-तरह के फूल है जो अनेकता में एकता का प्रतीक दिखता है। ऐसे प्रोग्राम होते रहना चाहिए ताकि समाज में एक पॉजिटिव एनर्जी डेवलप हो। अपने अध्यक्ष भाषण में सद्भावना मंच के अध्यक्ष एडवोकेट श्री ओपी यादव जी ने संविधान की प्रस्तावना का जिक्र करते हुए कहा के हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष देश है यहां सभी धर्म बराबर है हम यही चाहते हैं कि लोग एक दूसरे के धर्म का आदर सम्मान करें और लोगों के बहकावे में ना आए राजनीति से ऊपर उठकर देश हित के लिए कम करें।

मोदी जी जैसे चौकीदार के रहते हमारी माताओं बहनों के मंगलसूत्र व गहने पूर्णतः सुरक्षित- महेश त्रिवेदी

पोलिंग पार्टी 8 से 10 मई के बीच स्वयं बुजुर्गों के घर पहुचकर वोट डलवाएगी

मुंबई हलचल/संवाददाता

कानपुर। कांग्रेस अपनी आदत के मुताबिक अब हमारी माताओं बहनो के मंगलसूत्र व गहनों को लूट की योजना पर काम कर रही है।संपत्ति पर सर्वे की बात कर रही है।इनके गलत मंसूबों को इनके घोषणापत्र से चौकीदार मोदी जी ने ढुंढ निकाला है। अब ये इधर-उधर की बाते कर रहे है। इंडी गठबंधन नही यह ठगबंधन है। उक्त बाते किदवई नगर विधानसभा के विधायक महेश त्रिवेदी ने कही। साकेत नगर स्थित भाजपा किदवई नगर विधानसभा के चुनाव कार्यालय में वरिष्ठ जनो के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक त्रिवेदी ने इंडी गठबंधन खासकर कांग्रेस पर चुन चुनकर जोरदार जुबानी हमले किए।उन्होंने कहा कि आज पूरा विपक्ष मुद्दा विहीन है।देश के विकास एवं गरीबों के कल्याण के लिए उनके पास कोई विजन नही है।कांग्रेस के स्टार प्रचारक अपने भाषणों में तो आम

जनता की संपत्तियों एवं हमारी माताओं बहनों के गहनों की सर्वे की बात नही करते परन्तु इनकी पार्टी के घोषणा पत्र मे इसका साफ तौर पर जिक्र हैं । यह सब सोच रहे थे कि जनता को भ्रम में रखकर अपने मकसद मे कामयाब हो जाएंगे परन्तु देश के चौकीदार ने समय रहते इनके लूट के इरादों को न केवर भांप लिया बल्कि आम जनता के सामने इनकी पोल पट्टी भी खोल कर रख दी।उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ जनो की चर्चा करते हुए कहा कि जब तक जोश के साथ अनुभव नही होगा हम सफलता की उम्मीद नही कर सकते। चुनाव संचालन समिति के संयोजक एवं पूर्व भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष रामदेव शुक्ला ने कहा कि वरिष्ठ जन पार्टी की अमूल्य धरोहर है।भाजपा ने हमेशा वरिष्ठ जनो का आदर सम्मान किया है।उन्होंने वरिष्ठ जनो से कहा कि वे आगामी 13 मई को पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी के पक्ष मे मतदान के लिए अभी से पूरी ताकत से जुट जाए। कानपुर लोकसभा चुनाव सहप्रभारी कौशल किशोर दीक्षित ने कहा कि शहर में 13 मई को चुनाव है इस बार चुनाव आयोग ने बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की है। 85 साल के ऊपर वरिष्ठ जनो के लिए एवं 40% से ऊपर के विकलांग लोगों के वोट घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। ऐसे लोगों के 8 से 10 मई तक पोलिंग पार्टी स्वयं मतदाता के घर आकर मतदान कराएगी। उन्होंने कहा कि यह मोदी ही की गांरटी है कि ज्यादा बुजुर्गों को बिना लाइन लगे घर पर ही मतदान की सुविधा दी गई है। विधायक ने वरिष्ठ जनो के सम्मान में भोजन की भी व्यवस्था की। कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने वरिष्ठ भाजपाइयों के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, संतोष सिंह, गणेश शुक्ला, प्रकाश वीर आर्य, संजय दुबे, राजू बाजपेयी, विनोद मिश्रा, सुशील विश्नोई, अखिलेश शुक्ला, अजीत सिंह छाबड़ा आदि रहे।

नीतीश कुमार बिहार के मुसलमानों के सच्चे हितैसी : अहमद हुसैन

मधुबनी। जिला मुख्य प्रवक्ता सह जिला उपाध्यक्ष जद यू अहमद हुसैन मधुबनी एक प्रेस रिलीज कर कहा कि बिहार के मुसलमानों की हालत बद से बदतर है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या आर्थिक क्षेत्र में या सामाजिक क्षेत्र में बिहार के मुसलमान के मसाएल से किसी भी सरकार को कोई लेना-देना नहीं है चाहे कांग्रेस की सरकार हो या आरजेडी की सभी ने मुसलमान को use and thro की तरह यूज किया और हमेशा बीजेपी का भै दिखाकर वोट लेने का काम किया है बिहार के वजीर आला जनाब नीतीश कुमार ने यह देखा कि मुसलमानों में एजुकेशन की कमी है जिसके वजह यह कौम तरक्की नहीं कर पा रही है तो उन्होंने तालीम के क्षेत्र में में जो काम किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है स्कूल, मदरसा से लेकर हाईयर एजुकेशन के लिए फ्री कोचिंग तक की व्यवस्था करने का काम किया है साथ ही सामाजिक क्षेत्र में रोजगार से जुड़ने के लिए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक ऋण योजना चला कर मुसलमान लड़के लड़कियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। समाज में अमन और शांति कैसे बनी रहे इसको उन्होंने पहली प्राथमिकता देने का काम किया है। आपने देखा होगा कि भागलपुर दंगा का जांच कर कर दोषी को सजा दिलाने और बेकसूर मुसलमान को न्याय दिलाने का काम क्या है और प्रीत परिवार को आजीवन पेंशन और उसके जमीन और घर वापस दिलाने का काम क्या है इससे साफ जाहिर होता है कि नीतीश कुमार एक सेकुलर और इंसाफ परस्त नेता है वह एक वसूल पसंद व्यक्ति हैं उन्होंने कभी भी सिद्धांत से समझौता नहीं किया है उन्होंने भाजपा में रहकर भी मुसलमान के फला के काम करने का काम किया है हमें यह नहीं देखना है कि गठबंधन किसके साथ है हमें यह देखना है कि नीतीश कुमार ही मेरा नेता है उन्होंने हमारे लिए काम किया है तो उसे मजदूरी मिलनी चाहिए मैं आप सभी से अपील करना चाहूंगा कि हम सब अपना एक-एक वोट जनता दल यूनाइटेड को देकर नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

75 लाख से अधिक रकम बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार

मुंबई हलचल/संवाददाता

जलगांव। शहर में राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने शनिवार 4 मई 2024 को एमआईडीसी क्षेत्र के सेक्टर -10 में मंदार आयुर्वेद प्रोडक्ट्स कंपनी में छापेमारी कर नकली देशी शराब फैक्ट्री को नष्ट कर 75 लाख 64 हजार 200 रुपए का माल बरामद किया है। उक्त मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। कलेक्टर आयुष प्रसाद ने लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में अवैध एवं नकली शराब की बिक्री एवं निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया था। राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के माध्यम से जिले भर में विभिन्न टीमों के जरिए से अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के इंस्पेक्टर डीएम चकोर की टीम को मिली गुप्त

राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की बड़ी कार्रवाई

सूचना के आधार पर शनिवार 4 मई 2024 को करीब 2: 30 बजे एमआईडीसी क्षेत्र के के-10 सेक्टर में मंदार आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स कंपनी पर छापेमारी के दौरान रॉकेट ऑरेंज नाम से अवैध नकली देशी शराब की फैक्ट्री चल रही थी। फैक्ट्री में अवैध रूप से शराब का निर्माण और बोतलबंद किया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 15 लाख 75 हजार कीमत की रॉकेट ऑरेंज शराब की 45 हजार सीलबंद बोतलें, 33 लाख 30 हजार कीमत की देशी शराब की पूरी बैरल, 3 लाख कीमत की 1 लाख खाली बोतलें, 6 लाख कीमत की लेबल स्ट्रिप मशीन, बुच सील बंद करने की मशीन, 5 लाख की जल शोधन मशीन, चार पहिया वाहन सहित कुल 75 लाख रु.के साथ ही 64 हजार 200 रुपए जब्त कर लिए है। उक्त कार्रवाई आयुक्त विजय सूर्यवशी, प्रसाद सुर्वे, उपायुक्त उषा वर्मा, कलेक्टर आयुष प्रसाद, अधीक्षक डॉ. वीटी भूकन के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर डीएम चकोर, एसबी. चव्हाण,निरीक्षक एसबी भगत, सीआर शिंदे, राजेश सोनार, विट्ठल बाविस्कर, गिरीश पाटिल, सुरेश मोरे, पीपी तायडे, दिनेश पाटिल, गोकुल अहिरे, धनसिंह पावरा, एसआर माली, विपुल राजपूत, वीडी हटकर, एमएम मोहिते, आरडी.जंजाले, नंदू पवार की टीम ने किया। उक्त अपराध की आगे की जांच डीएम चकोर द्वारा की जा रही है।

महाविकास लोकसभा की उम्मीदवार प्रो. वर्षा ताई गायकवाड ने गोलीबार के नागरिकों से किया जनसंपर्क

गोलीबार के लोगों ने ताई का किया स्वागत

मुंबई हलचल/ संवाददाता

मुंबई। 10 साल में ना काला धन आया ना 15 लाख आए ना 56 इंच की छाती दिखि सिर्फ नफरत आई ऐसे उद्गार वर्षा ताई गायकवाड़ ने लोगों से संबोधित करते हुए कहा महाविकास आघाडी की लोकप्रिय उम्मीदवार कार्यसम्राट उत्तर मध्य जिला की कांग्रेस इंडिया आघाड़ी और महाविकास लोकसभा की उम्मीदवार प्रो. वर्षा ताई गायकवाड जी ने गोलीबार के लोगों से किया जनसंपर्क वार्ड 87 में स्थित सिटी प्राइड बिल्डिंग गोलीबार से मस्जिद रोड होते हुवे बिल्डिंग नंबर 12 और आदर्श बिल्डिंग गोलीबार मार्केट, कब्रस्तान तक कार्यकर्ताओं के साथ जन सैलाब लेकर पद यात्रा किए, जिसमे आमदार व माजी मंत्री असलम शेख जी, आमदार अमीन पटेल जी, पूजा

महादेशवर मुंबई अल्पसंख्यक अध्यक्ष जनाब इब्राहिम भाईजान जी, फहीम शेख और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जनाब कय्यूम तंबोली साहब, प्राजंलि महादेश्वर, फजल सौदागर, आजाद खान गुलफाम खान, जफरसिद्दीकी, के साथ आजाद खान नईम शेख उस्मान लाला इरशाद कुरेशी, अरशद खान, राशिद खान, हारून सिद्दीकी, शारीक शेख, कैसर नदीम, हनीफ शेकडा, आजाद खान, हसन अली, इरशाद काजी हाजी रफीक हिदायत शेख, गुलाम साबिर, सलीम खान, इरफान खान, शकील शेख रोशन सैयद, एडवोकेट शुक्ला, आसिफ खान, जाकिर कुरैशी, गणेश, सुल्तान शेख बाबू भाई, नासिर कुरेशी, अंजली जाधव, शबा शेख, मुजफ्फर हुसैन (मुज्जू भाई) अल्ताफ शेख आरिफ शेख आसिफ शेख, जफर खान और सभी जानी मानी गोलीबार की हस्तियों ने मिलकर कांग्रेस की रैली को ताकत के साथ अपना समर्थन देकर रैली को कामयाब बनाया।

कैरम में अनस ने जीता फाइनल मैच बने जिला चैम्पियन

बरेली। दो दिवसीय जिला बरेली कैरम रैंकिंग चेम्पियनशिप की प्रतियोगिता में बाग अहमद अली तालाब के अनस ने फाइनल में जीत हासिल की है। अनस ने बाग अहमद अली के ही रहने वाले मोहम्मद अफजाल को हराकर जिला चेंपियन की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। रविवार को पुरने शहर के काजी टोला में जिला बरेली कैरम रैंकिंग चेम्पियन शिप के दोनों सेमीफइनल मैच खेले गए। चेम्पियन शिप के आखिरी चार में गोटिया के मुनव्वर, सतीपुर के काशिफ, बाग अहमद अली तलाब के अनस और अफजाल ने जगह बनाई। उसके बाद क्रमशः अपने प्रतिदन्ति को हराकर फाइनल में अनस और अफजाल ने जगह बना ली। यहाँ फाइनल में अनस ने अफजाल को करीबी पॉइन्ट में टक्कर देते हुए मैच में जीत हासिल करली। अनस की जीत के बाद टूनार्मेंट के चीफ गेस्ट पुर्व सीनियर कैरम खिलाड़ी हाजी सलीम कुरेशी ने चेम्पियनशिप की ट्राफी के साथ 51 सौ का नगद इनाम दिया। दूसरे स्थान पर रहे अफजाल को टूनार्मेंट के आयोजक जहीर अहमद ने ट्राफी और 21 सौ रूपर का नगद इनाम से नवाजा। जिला बरेली कैरम एसोसिएशन के सचिव अतीकुर्रहमान ने टूर्नमेंट में शामिल सभी खिलाड़ियों का प्रोतसाहन किया। चेम्पियनशिप देखने आए पूर्व खिलाड़ीयो को भी सम्मानित किया गया। दो दिवसीय जिला कैरम प्रतियोगिता में सीनियर खिलाड़ी तनवीर अली, अतहर, यासीन, पुर्व सीनियर कैरम खिलाड़ी हसनैन आदि बड़ी संख्या में कैरम खिलाड़ियों की मजूदगी रही। वही इस जीत के बाद आखिरी चार सेमीफइनल के चारो खिलाड़ी कुछ समय बाद कानपुर में होने वाले स्टेट चैम्पियन शिप में भी भाग ले सकते हैं। चारो खिलाड़ी बरेली का प्रतिनिध्व भी कर सकेंगे।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

झारखंड में ईडी का बड़ा ऐक्शन

इस छापेमारी में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। इसके बाद ईडी ने नोट गिनने के लिए बड़ी मशीन को मंगाई। बता दें कि मशीन के जरिए एक समय पर 4 नोट के बंडल को गिना जा सकता हैं। इसके अलावा 5 और छोटी नोट गिनने की मशीन मंगाई गई है, जो नोट गिनने का काम कर रही है। अब इन नोटों की गिनती पूरी कर ली गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, ईडी ने यहां से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इन पैसों को ईडी ने सीज कर जब्त कर लिया है। झारखंड कैश कांड में ईडी ने मंत्री के निजी सचिव के साथ-साथ उस नौकर को भी गिरफ्तार किया है जिसके घर से नोटों का पहाड़ मिला था। सूत्रों के मुताबिक, दोनों को कैश बरामदगी के बाद लंबी पूछताछ कर देर रात पहले हिरासत में लिया गया फिर अरेस्ट किया गया है। इस मामले में जल्द ही ईडी मंत्री आलमगीर आलम को समन करेगी।

वॉट्सएप पर डील

जानकारी के मुताबिक नागपुर की बेलतरोड़ी पुलिस ने इस पूरे मामले में खुलासा किया है। पुलिस ने बताया है कि दिल्ली से एक इंजीनियर लड़की को नागपुर लाया गया था जहां उसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने इस पूरे मामले में होटल के स्टाफ की मदद से खुलासा किया है। पुलिस ने पीड़ित लड़की को बचाया है। पुलिस के मुताबिक बंटी उर्फ बिलाल अहमद अली और विशाल नाम के आरोपी इस रैकेट को चला रहे थे। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं लेकिन उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूत्रों से पता चला था कि बंटी देह व्यापार का धंधा चला रहा है। आरोपी दिल्ली से लड़कियों को लाकर नागपुर के होटलों मे ठहराता था। आरोपी बंटी वॉट्सएप पर लड़कियों की तस्वीरें लड़कों को भेजता था। इसके बाद पैसों की बात करने के बाद लड़कियों को होटल में भेजा जाता था। आरोपी बंटी युवतियों को कम से कम सात दिनों के लिए नागपुर लाता था।

वोटिंग के वक्त मोबाइल घर पर रखने का फरमान

मतदान केंद्र में वोटिंग करते समय फोटो लेने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने में जोखिम होता है। यह मतदान के समय मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। मतदान केंद्र पर गोपनीय जानकारी की फोटो लेने से भी प्रक्रिया बाधित हो सकती है। इस पृष्ठभूमि में, मतदान केंद्र में तस्वीरें लेना प्रतिबंधित है। परिणामस्वरूप मतदाताओं को विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस पृष्ठभूमि में चुनाव अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की है कि, वे वोट देने आते समय अपना मोबाइल फोन घर पर ही रखें। हालांकि चुनाव अधिकारियों का कहना है कि, यह आदेश इस वर्ष का नहीं है, इस नियमों का पालन पहले से होता आ रहा है। जमीर कुरैशी (मुंबईकर) का कहना है कि संविधान ने सबको बराबर का अधिकार दिया है। मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन मतदान केंद्र में अपने साथ कैमरामैनों का काफिला ले जाने वाले नेताओं पर कोई रोक नहीं लगाई जाती है, दोनों में फर्क क्यों है? संविधान बचाना जरुरी है. सुनंदा विजय थोरात (मुंबईकर) का कहना है कि देश में केंद्र सरकार की तानाशाही चल रही है। चुनाव आयोग बिना विचार किये और सभी नियम ताक पर रखकर सरकार के हर फरमान को लागू करने में व्यस्त है।

5 बीजेपी नेताओं को जेल भेजने की थी उद्धव की योजना

महाविकास अघाड़ी सरकार ने ढाई साल के दौरान परियोजनाओं को रोकने का ही कार्य किया। हमने विकास योजनाओं पर लगे स्पीड ब्रेकर को हटा दिया। सीएम ने कहा कि कारशेड के कार्य पर लगी रोक हटाई गई, अगर आरे में कारशेड नहीं बनाया होता तो हम 10 साल पीछे चले गए होते और प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये ज्यादा लगते। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने बालहठ और अहंकार के कारण जो फैसला लिया, उससे राज्य को नुकसान हुआ।

गोयनका के बयान से ब्रोकर्स नाराज, कहा- उन्हें नहीं सेबी के नियमों की जानकारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आरपीजी एंटप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयंका ने शेयर बाजार में हर्षद मेहता और केतना मेहता दौर की वापसी को लेकर सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट पर देश के स्टॉक ब्रोकर्स बेहद नाराज हो गए हैं। एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया ने हर्ष गोयंका के इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि उनके द्वारा किसी खास समुदाय - रीजन के ब्रोकर्स पर ये आरोप लगाना निंदनीय है।

- एएनएमआई ने गोयनका के पोस्ट पर की कड़ी आपत्ति

एएनएमआई जो कि एनएनई, बीएसई और दूसरे स्टॉक एक्सचेंजों में ट्रेडिंग करने वाले सदस्यों की पैन इंडिया बॉडी है। एएनएमआई ने हर्ष गोयनका के पोस्ट पर अपने जवाब में लिखा, हर्ष गोयनका द्वारा किसी खास कम्यूनिटी/रीजन के ब्रोकर्स के खिलाफ इस प्रकार का आरोप लगाया जाना बेहद निंदनीय है।

सोशल मीडिया में पोस्ट कर कहा था- हर्षद मेहता के दौर की वापसी

हर्षद मेहता के पोस्ट से मचा बवाल

दरअसल 4 मई 2024 को हर्ष गोयंका ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिए तहलका मचा दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, शेयर बाजार में जोरदार तेजी के साथ कोलकाता में हर्षद मेहता और केतन मेहता के दौर की वापसी हो चुकी है। गुजराती - मारवाड़ी ब्रोकर्स के साथ मिलकर कोलकाता बेस्ड कंपनियों के प्रमोटर्स बढ़ा चढ़ाकर मुनाफा दिखा रहे हैं और अपनी कंपनियों के शेयरों को जबरदस्त ऊपर भगा रहे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सेबी और वित्त मंत्रालय को भी टैग करते हुए दखल देने की मांग की है।

किसी एक समुदाय के लोगों को किया टारगेट

गोयनका का ये आरोप बगैर किसी आधार और बिना किसी सबूत के है। एएनएमआई ने लिखा, एक्सचेंजों और सेबी द्वारा कड़े निगरानी उपायों की जानकारी की कमी उनमें (हर्ष गोयनका) में साफ नजर आ रही है। उन्होंने किसी एक खास समुदाय के लोगों को टारगेट किया।

कोलकाता बेस्ड कंपनियों ने दिया जोरदार रिटर्न

हर्ष गोयनका ने अपने पोस्ट में कोलकाता बेस्ड उन कंपनियों का नाम नहीं लिखा है जिनके शेयरों में बीते एक साल में जोरदार तेजी देखने को मिली है। लेकिन कोलकाता बेस्ड ऐसी कई कंपनियां हैं जिन्होंने अपने शेयरधारकों को जोरदार रिटर्न दिया है। हालांकि इन कंपनियों ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर ये रिटर्न दिया है। इन कंपनियों में सबसे पहला नाम जय बालाजी इंडस्ट्रीज का आता है जिसके स्टॉक ने एक साल में निवेशकों को 1500 फीसदी रिटर्न दिया है।

लल्लन सिंह को जिताने की अपील की

नीतीश बोले- हमने महिलाओं के विकास को लेकर काम किया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर लोकसभा के मोकामा में एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ललन सिंह को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में पहले की स्थिति क्या थी। हम लोगों ने हर चीज ठीक की। राज्य में पहले सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में एक दो आदमी जाते थे। अब की हालत देख लीजिए। इसके अलावा सीएम नीतीश ने खुले मंच से हाल ही में जेल से बाहर आए बाहुबली अनंत सिंह की तारीफ करते नजर आए और उन्हें अपना पुराना परिचित बताया। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने महिलाओं के सर्वांगीण विकास को लेकर काम किया।

कोई इधर-उधर नहीं जाइएगा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इधर-उधर जो हुआ था, अब खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री की सभा में मोकामा विधायक नीलम देवी और बाढ़ विधानसभा से एमएल ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू भी मौजूद थे। नीतीश ने कहा कि हमारे पिताजी से उनके (अनंत सिंह) पिता जी का बहुत रिश्ता था, बराबर आते थे और बहुत ज्यादा मानते थे। इनसे तो हमारा पुराना रिश्ता है। गौरतलब है कि राजद विधायक नीलम देवी ने हाल ही में पाला बदला है और अब एनडीए में आ गई हैं। जनता की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि हमारा पुराना संबंध है।

ललन सिंह ने सबके लिए काम किया

नीतीश कुमार ने कहा कि ललन सिंह ने सबके लिए काम किया है। जाति नहीं देखी। 2015 में जल संसाधन मंत्री थे। पूरे इलाके में सबसे ज्यादा काम किया। आप लोग याद करिए, मंत्री रहने के दौरान इस इलाके में कितना काम किए हैं। यह सब के लिए काम किए हैं। सवालिया लहजे में कहा कि किसी को छोड़े हैं क्या? सबके हित में काम किया है।

खबर संक्षेप

भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोग बरी

गांधीनगर। गुजरात उच्च न्यायालय ने आरटीआई कार्यकर्ता अमित

जेठवा की हत्या के मामले में भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। इन लोगों को सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। इसी के खिलाफ भाजपा के पूर्व सांसद दीनू सोलंकी और अन्य छह लोग उच्च न्यायालय पहुंचे।

के. कविता की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को एक्साइज

पॉलिसी केस में सीबीआई और ईडी के केस में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि उन्हें राहत देने के लिए यह सही समय नहीं है।

फिर विवादों में घिरे राहुल गांधी, कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र

181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता के दावों को किया खारिज, कानूनी कार्रवाई की मांग की

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में राहुल गांधी पर 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। बीते दिनों विश्वविद्यालय प्रमुखों की चयन प्रक्रिया पर राहुल ने सवाल खड़ा किया था। जिसका विरोध जताते हुए अब कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने खुला पत्र लिखा है। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं।

चयन प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक

खास बातें

- राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया
- चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी
- इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित

कार्यालय को बदनाम किया

पत्र में लिखा गया है कि देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति और अकादमिक नेताओं के चयन प्रक्रिया के संबंध में हाल ही में दिए गए आधारहीन आरोपों का खंडन किया जाता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और कार्यालय को बदनाम किया है। इसलिए मांग है कि कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

क्या कहा था राहुल गांधी ने?

राहुल गांधी ने अपने बयानों में हाल ही में आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता और अहर्ता को ताक पर रख कर कुछ संगठनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबंधों के आधार पर की जा रही है।

विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा

पत्र में लिखा गया है कि जिस प्रक्रिया से कुलपतियों का चयन किया जाता है, वह योग्यता, विद्धतापूर्ण विशिष्टता और अखंडता के मूल्यों पर आधारित कठोर, पारदर्शी कठोर प्रक्रिया की विशेषता है। कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है।

गोपाल गोस्वामी का वृंदावन में किया अंतिम संस्कार

गोशाला में दी गई भू समाधि इस्कॉन भक्तों ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई हलचल / मथुरा

इस्कॉन गवर्निंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी का सोमवार को वृंदावन में अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल कृष्ण गोस्वामी को उनके अनुयायीयों ने इस्कॉन गोशाला में समाधि दी। 6 मई की सुबह 10 बजे इस्कॉन से जुड़े अनुयायी उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर वृंदावन पहुंचे। शाम 5 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को रखा गया। इसके बाद भू समाधि दी गई। गौशाला के बलराम हॉल में भक्तों ने पार्थिव शरीर के दर्शन किए। अंतिम दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा भक्तों ने श्रद्धांजलि दी।

दिल्ली में कार डीलर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां एक दुकान पर हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। बताया जा रहा है कि हथियारों से लैस हमलावरों ने यहां स्थित फ्यूजन कार डीलर के यहां ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। दिल्ली पुलिस भारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और इलाके को चारों तरफ से घेर लिया। डीसीपी रैंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि करीब 20 राउंड गोलियां चलाई गई है और इस हमले में कुछ लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

राख में घर का सामान ढूंढते रहे पीड़ित, उत्तराखंड के भाऊवाला में जलीं 93 झोंपड़ियां, 73 परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

मुंबई हलचल/संवाददाता

विकासनगर। भाऊवाला स्थित एक बस्ती में लगी आग बुझने के बाद सोमवार सुबह पीड़ित परिवार राख में घर का सामान ढूंढते नजर आए। प्रशासन द्वारा पीड़ित को उपलब्ध कराए तिरपाल पर परिवारों के सदस्य अपने मासूम के साथ डेरा जमाए दिखाई दिए। कुछ श्रमिक दिनभर अपनी झोंपड़ी को दोबारा से बनाने की कवायद में जुटे रहे। भाऊवाला में रविवार को आग लगने से 93 झोंपड़ियां व उनमें रखा घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। इससे झोंपड़ियों में रहने वाले श्रमिकों के 73 परिवारों के 250 सदस्य प्रभावित हुए हैं। आग लगने की घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड, पुलिस व राजस्व प्रशासन की टीम देर रात तक मौके पर जमी रही। आग

के दोबारा से सुलगने की आंशका के चलते देर रात तक फायर ब्रिगेड की टीम पानी डालकर राख को ठंडा करने में जुटी रही। रातभर चली इस कवायद के बाद सोमवार की सुबह बस्ती क्षेत्र में चारो तरफ राख के सिवाए कुछ भी दिखाई नहीं दिया। आग से प्रभावित हुए परिवारों के सदस्य अपनी-अपनी झोंपड़ियों के स्थानों पर राख को उलट-पलट करके उसमें अपने घरों का सामान तलाश करते दिखाई दिए। उधर, बस्ती में कुछ श्रमिक लकड़ी के सहारे अपनी झोंपड़ी को दोबारा से खड़ा करने के प्रयास में सुबह से जुटे रहे। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार ने बताया आग से प्रभावित हुए परिवारों को तिरपाल व राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ सही जो भी संभव हो सकेगा कार्रवाई की जाएगी।

प्रायोगिक चरण में 700 मेगावाट के प्रीमियम बैंड पेश

पंजाब में 4जी सेवा के लिए आठ लाख ग्राहकों को जोड़ चुकी

स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित होगी 4जी सेवाएं

बीएसएनएल इस साल अगस्त से देशभर में शुरू करेगी 4जी सेवाएं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है। इसे पायलट या प्रायोगिक चरण के दौरान 700 मेगाहर्ट्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में भी पेश किया गया है।

- 4जी नेटवर्क पर 40-45 एमबीपीएस की अधिकतम गति होगी

टीसीएस व सी-डॉट से गठजोड़

कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और दूरसंचार अनुसंधान संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा स्वदेशी स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए पंजाब में 4जी सेवाएं शुरू की हैं और वह लगभग आठ लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ चुकी है।

नेटवर्क आगे 5जी में अद्यतन हो सकेगा

टीसीएस, तेजस नेटवर्क और सरकारी स्वामित्व वाली आईटीआई को 4जी नेटवर्क तैनात करने के लिए बीएसएनएल से लगभग 19,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस नेटवर्क को आगे चलकर 5जी में अद्यतन किया जा सकता है।

नेटवर्क पर सी-डॉट कोर उपलब्ध नहीं

तेजस नेटवर्क के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी अर्नब रॉय ने हाल ही में कहा था कि बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी बीएसएनएल नेटवर्क पर सी-डॉट कोर उपलब्ध नहीं है, वहां उपकरण को मौजूदा कोर में एकीकृत किया जा रहा है।

ग्राहकों को नया सिम लेना होगा

सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बीएसएनएल पिछले चार-पांच वर्षों से केवल 4जी-सक्षम सिम बेच रही है। ऐसे में सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को 4जी सेवा का अनुभव लेने के लिए नया सिम लेना होगा जिनके पास पुराना सिम है।'

पंजाब में नेटवर्क का अच्छा प्रदर्शन

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'सी-डॉट का बनाया हुआ 4जी कोर पंजाब में बीएसएनएल नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे पिछले साल जुलाई में स्थापित किया गया था। ऐसी जटिल प्रौद्योगिकी की सफलता साबित करने में 12 महीने लग जाते हैं लेकिन सी-डॉट कोर 10 महीने के भीतर ही स्थिर हो गया है।'

पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश

इस अधिकारी ने नाम सामने न आने की शर्त पर कहा, 'बीएसएनएल अगस्त में पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश करेगा।'कोर नेटवर्क एक ऐसा समूह है जिसमें दूरसंचार सेवा से जुड़े नेटवर्क हार्डवेयर, उपकरण और सॉफ्टवेयर शामिल होते हैं।

4जी सेवा के लिए 9000 से अधिक टावर स्थापित

बीएसएनएल पूरे भारत में 4जी और 5जी सेवाओं के लिए 1.12 लाख टावर लगाने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने देशभर में 4जी सेवा के लिए 9,000 से अधिक टावर स्थापित किए हैं। इनमें से 6,000 से अधिक टावर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सर्किल में हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

सीओपीडी समय रहते हो जाएं सावधान

सर्दियों के मौसम में सी.ओ.पी. डी. के मामले काफी बढ़ जाते हैं और जो लोग पहले से ही इस मर्ज से ग्रस्त हैं, उनकी समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सी.ओ.पी.डी.) फेफड़े की एक गंभीर बीमारी है, जिसे आम भाषा में क्रॉनिक ब्रॉन्काइटिस भी कहते हैं। सर्दियों के मौसम में सी.ओ.पी. डी. के मामले काफी बढ़ जाते हैं और जो लोग पहले से ही इस मर्ज से ग्रस्त हैं, उनकी समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। ओपीडी प्रमुख रूप से धूम्रपान बीड़ी, सिगरेट, हुक्का और चिलम पीने वालों को होता है। इसके अतिरिक्त ऐसे लोग जो धूल, धुआं और प्रदूषित वातावरण के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें भी इस बीमारी के होने का खतरा होता है। प्रायः यह बीमारी 30 से 40 वर्ष की आयु के बाद शुरू होती है। इस बीमारी का प्रकोप सर्दी के मौसम में बढ़ जाता है।



मर्ज का दूसरा प्रकार: सी.ओ.पी.डी. को अक्सर धूम्रपान करने वालों से संबंधित रोग माना जाता है। यह बात अपनी जगह सत्य भी है, लेकिन अब नॉन स्मोकिंग सी.ओ.पी.डी. (धूम्रपान के अलावा अन्य कारणों से होने वाला यह मर्ज) विकासशील देशों में एक बड़ा स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा बन चुका है। हाल के अध्ययनों मे पता चला है कि ऐसे अनेक जोखिम भरे कारक हैं, जो धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों में भी इस रोग के होने का जोखिम बढ़ाते हैं। दुनिया भर की तकरीबन आधी जनसंख्या जैव ईंधन (बॉयोमास फ्यूल) के धुएं के संपर्क में रहती है, जिसका उपयोग खाना बनाने के लिए किया जाता है।

इसलिए, ग्रामीण इलाकों में जैव ईंधन से उत्पन्न धुएं और प्रदूषण के संपर्क में आना भी सी.ओ.पी.डी. का मुख्य कारण है।

जैव ईंधन का दुष्प्रभाव: देश के शहरी भागों के 32 प्रतिशत घरों में अब भी जैव इंधन से चलने वाले चूल्हे का उपयोग होता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या खाना बनाने के लिए जैव ईंधन जैसे लकड़ी, कंडे या उपले, अंगीठी और केरोसीन ऑयल का प्रयोग करती है।

विकासशील देशों में सी.ओ.पी.डी. से होने वाली करीब 50 प्रतिशत मौतें जैव ईंधन के धुएं के कारण होती है। इस पचास प्रतिशत मौतों में भी 75 प्रतिशत मौतें महिलाओं की होती हैं। जैव या बायोमास ईंधन-जैसे लकड़ी ,पशुओं का गोबर, फसल के अवशेष आदि सी.ओ.पी.डी. की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में महिलाएं और लड़कियां रसोईघर में अधिक समय बिताती हैं।

वायु प्रदूषण और बीमारी: वायु प्रदूषण की मौजूदा स्थिति ने भी शहरी इलाकों में सी.ओ.पी.डी. के खतरे को बढ़ा दिया है। वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित 20 शहरों में से 10 भारत में हैं।

उपचार

सी.ओ.पी.डी. के उपचार में इन्हेलर चिकित्सा सर्वश्रेष्ठ है, जिसे डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमानुसार लिया जाना चाहिए। सर्दियों में दिक्कत बढ़ जाती है। इसलिए डॉक्टर की सलाह से दवा की डोज में परिवर्तन किया जा सकता है। खांसी और अन्य लक्षणों के होने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार संबंधित दवाएं ली जा सकती हैं। खांसी के साथ गाढ़ा या पीला बलगम आने पर डॉक्टर की सलाह से एंटीबॉयोटिक्स ली जा सकती हैं।

क्या करें

- *सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कानों को खासतौर पर ढकें।*
- *सर्दी के कारण साबुन पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें। यह आदत आपको जुकाम और फ्लू की बीमारी से बचाकर रखती है।*
- *गुनगुने पानी से नहाएं।*
- *नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें और उनकी सलाह से अपने इन्हेलर की डोज भी सुनिश्चित करा लें।*
- *कई बार इन्हेलर की मात्रा बढ़ानी होती है और आमतौर पर ली जाने वाली नियमित खुराक से ज्यादा मात्रा में खुराक लेनी पड़ती है।*
- *धूप निकलने पर धूप अवश्य लें। शरीर की मालिश करने पर रक्त संचार ठीक होता है।*
- *सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू व सांस के रोगियों को सुबह-शाम भाप (स्टीम) लेना चाहिए। यह गले व सांस की नलियों (ब्रॉन्काई) के लिए फायदेमंद है।*
- *डॉक्टर की सलाह से वैक्सीन का प्रयोग जाड़े केमौसम में सक्रिय हानिकारक जीवाणुओं से सुरक्षा प्रदान करता है।*
- *हाथ मिलाने से बचें। नमस्ते करना ज्यादा स्वास्थ्यकर अभिवादन है। इससे आप फ्लू समेत स्पर्श से होने वाले कई संक्रमणों से बच सकते हैं।*

प्रेग्नेंसी से बचने के लिए इन खतरनाक चीजों का इस्तेमाल करती थीं महिलाएं

बर्थ-कंट्रोल के लिए आजकल की महिलाएं दवाइयों का सहारा लेती हैं। लेकिन क्या कभी सोचा है कि पुराने जमाने में बच्चे की चाहत नहीं रखने वाली महिलाएं क्या उपाय करती थीं। जी हां आज हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में जानकर यकीनन आपके होश उड़ जाएंगे। आइए जानते हैं पुराने जमाने में महिलाएं बर्थ-कंट्रोल के लिए कैसे- कैसे

पैंतरों का इस्तेमाल करती थीं। इस कड़ी में सबसे पहले स्थान पर है मगरमच्छ का मल। 1850 बीसी के मिस्र के कई दस्तावेज बताते हैं महिला योनि में शुक्राणुओं का प्रवेश रोकने के लिए योनि को मगरमच्छ के मल, हनी और सोडियम बाइकारबोनेट के कड़े घोल को भर दिया जाता था। मान्यता था कि इसमें शुक्राणुओं को के अंदर जाने और उसे बढ़ने से रोकने की ताकत है। मध्यकाल में कुछ ऐसी मान्यता थी कि अगर महिला की जांघों पर वीजल नाम के जानवर का अंडाशय और एक हड्डी बांध दी जाए तो महिला गर्भवती नहीं होगी। गर्भधारण रोकने के लिए सबसे खतरनाक उपायों में शामिल है लेड और मरकरी से बना घोल जिसे महिलाओं को पिलाया जाता था। इस घोल को चीन में इस्तेमाल किया गया।

सियाटिका का सटीक इलाज

डिस्ट्रैक्शन लैमिनोप्लास्टी नामक सर्जिकल तकनीक के प्रचलन में आने से अब सियाटिका से पीड़ित लोगों का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा बेहतर हो चुका है...

इस सर्जिकल तकनीक में रीढ़ की हड्डी के ऊपर 2 से 3 सेमी.का चीरा लगाकर विशेष उपकरणों द्वारा कोई हड्डी काटे बगैर नस पर दबाव पूरी तरह से हटा देते हैं। नस खुलने के बाद समस्या पूरी तरह से ठीक हो जाती है। इस तकनीक से नस की सूजन, तनाव और दबाव पूरी तरह से ठीक हो जाता है और मरीज को पूर्ण रूप से आराम मिल जाता है। सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित और सफल है। दो दिन में मरीज घर चला जाता है। मरीज को रक्त नहीं चढ़ाना पड़ता है। मरीज को तुरंत आराम मिल जाता है और हफ्ते भर में वह काम पर भी लौट सकता है।

एडल्ट फिल्में
देखने की आदत से हैं परेशान तो करें ये उपाय

कुछ लोगों को बुरी चीजो की आदत होती है। यह जरूरी नहीं कि बुरी चीजों की लत कोई नशा करना या जुआ खेलना ही हो। हम जिस बुरी लत की बात कर रहे हैं वो है एडल्ट फिल्में ज्यादा देखना। इस बात को जानकर आपको हैरानी होगी की इस बुरी आदत का असर शादीशुदी जिंदगी पर भी पड़ सकता है। अगर आप इस बुरी लत से परेशान है और इससे छुटकारा पाना चाहते हैं तो कुछ असरदार उपाय अपनाकर इस लत से छुटकारा पा सकते हैं।

1. खुद को करें पक्का

आपको इस लत को छोड़ने के लिए खुद को करें पक्का करें। यह बात बिल्कुल सही है कि एक दम ही किसी आदत को छोड़ा नहीं जी सकता। इसके लिए पहले तो रोज-रोज एडल्ट फिल्में देखने की बजाए महीने में 2-3 बार ही देखने का प्रयास करें। आपने आप को पत्नी और बच्चों के साथ बिजी रखें।

2. एकांत से बचे

आपको अगर अकेले बैठने की आदत है तो इससे आपकी परेशानी और भी बढ़ सकती है। अकेले समय बिताने से अच्छा है अपने परिवार के साथ समय बिताए और बीवी से हर बात शेयर करें।

3. शादीशुदी जिंदगी के ले मजा

शादीशुदी हैं तो सबसे जरूरी है कि लाइफपार्टनर के साथ समय बिताएं। वैवाहिक जिंदगी का आनंद लेने के लिए इस बुरी लत को हमेशा के लिए बॉय-बॉय कहें। इस समय एक दूसरे के साथ खुलकर बात करें और जिंदगी के मजा लें।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

पति नहीं इनके साथ धमाल मचाती दिखीं तापसी पन्नू

हसीन दिलरुबा एक्ट्रेस तापसी पन्नू पिछले काफी समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बीते दिनों अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बोए से शादी उदयपुर में गुपचुप शादी की थी। उनकी शादी सहित वेडिंग फंक्शन की कई तस्वीरें वायरल हुई थीं, लेकिन एक्ट्रेस ने इससे मानने से शुरूआत में तो इनकार कर दिया, लेकिन बाद में खुद ही अपनी शादी की जानकारी शेयर की। अब शादी के बाद हाल ही में 'पिंक' एक्ट्रेस तापसी पन्नू वेकेशन मनाने के लिए निकलीं, लेकिन वह वेकेशन पर पति संग नहीं, बल्कि किसी और के साथ पहुंचीं, जिसकी कई तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की। तापसी पन्नू ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर छुट्टियां बिताते हुए कई खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं। पहली फोटो में जहां झूले पर बैठी हुईं साफ-सुथरे पर्यावरण का आनंद ले रही हैं। उनके पीछे अलग-अलग रंग के फूल लगे हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में वह अपनी दोनों बहनों के साथ बैठी हुई हैं। अन्य फोटो में वह व्हाइट स्वेटर और हाथ में फूल पकड़े हुए अपनी बहन के साथ स्टूडियों में पोस्टर के आगे तस्वीर खिंचवा रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए तापसी ने लिखा, फूल ही आपकी सच्ची पावर होते हैं।

शादी के बाद कृति खरबंदा ने ससुराल में निभाई पहली रसोई की रस्म

पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा शादी के बंधन में बंध चुके हैं। कपल ने 16 मार्च को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में मानेसर स्थित ग्रैंड आईटीसी भारत रिजॉर्ट में सात फेरे लिए। दोनों ने शादी के बाद अपनी वेडिंग फोटोज शेयर की थी। इन फोटोज में कपल की शादी की सभी रस्मों की झलकियां देखने को मिली। वहीं शादी के बाद 17 मार्च को पुलकित सम्राट अपनी दुल्हन को लेकर दिल्ली वाले घर पहुंचे। जहां नई-नवेली दुल्हन का बेहद ही धूम-धाम से वेलकम हुआ। इसी बीच अब हाल ही में कृति खरबंदा ने शादी के बाद अपनी पहली रसोई बनाई है, जिसका स्वाद उनकी दादी सास को इतना पसंद आया कि वह बहूरानी की तारीफ करती नहीं थक रही हैं। तो चलिए जानते हैं कि आखिर कृति खरबंदा ने अपनी पहली रसोई में ऐसा क्या बनाया। कृति खरबंदा ने अपनी पहली रसोई की जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें वह किचन में नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस सुर्ख लाल रंग का सूट पहने, हाथों में चूड़ा, गले में मंगल सूत्र और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। वहीं एक तस्वीर में कृति खरबंदा ने अपना डिश दिखाया है, जो उन्होंने अपनी पहली रसोई पर बनाया है। एक्ट्रेस ने अपनी पहली रसोई में सूजी का हलवा बनाया है, जो काफी स्वादिष्ट दिख रहा है। ये हलवा न सिर्फ स्वादिष्ट दिख रहा है, बल्कि खाने में भी ये काफी स्वादिष्ट है।

26 साल की माहिरा शर्मा के आगे सब हैं फेल

माहिरा शर्मा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक्ट्रेस की 3 फोटोज हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। इन फोटोज में माहिरा शर्मा ने सिल्वर कलर की ड्रेस पहनी है। माहिरा शर्मा की इन लेटेस्ट फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज, फिटनेस और बोल्ड लुक देखने के बाद फैंस ढेर सारे कमेंट्स कर रहे हैं। माहिरा शर्मा सलमान खान के शो बिग बॉस सीजन 13 का हिस्सा रह चुकी हैं। इस दौरान उनका नाम पारस छाबड़ा के साथ जुड़ा था। बाद में दोनों ने एक-दूसरे को डेट भी किया, लेकिन अभ माहिरा और पारस का ब्रेकअप हो चुका है। टीवी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह की शादी में माहिरा और पारस शामिल हुए थे, जहां दोनों को एक-दूसरे को इग्नोर करते हुए देखा गया था।

'बाहुबली' स्टार प्रभास ने 'टॉप टेन मोस्ट हैंडसम एशियन मेन' की लिस्ट में किया टॉप

'बाहुबली' की रिलीज के बाद से ही साउथ सुपरस्टार प्रभास की फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इस फिल्म के बाद प्रभास पैन इंडिया स्टार बनकर उभरे हैं। वही अपने फैंस की बदौलत प्रभास ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। प्रभास ने सबसे हैंडसम एशियाई पुरुषों की लिस्ट में टॉप पर अपनी जगह बना ली है। 'टॉप टेन मोस्ट हैंडसम एशियन मेन' की हाल ही में जारी की गई सूची में, प्रभास ने पृथ्वी पर सबसे बड़े महाद्वीप में सबसे हैंडसम व्यक्ति के रूप में पहले स्थान के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है, जो दुनिया के कुछ सबसे अधिक आबादी वाले देश के साथ दुनिया भर में फैले उनके फैंडम और प्रतिभा को साबित करता है। प्रभास ने अपनी मेगाहिट फिल्म बाहुबली: द बिगिनिंग (2015) और इसके कन्क्लूजन बाहुबली: द कन्क्लूजन (2017) से दुनिया भर में प्रशंसकों को आकर्षित कर लिया है। पैन-इंडिया फिल्मों का चलन शुरू करने वाले सुपरस्टार के पास अनुकरणीय भारतीय सुंदरता है, जो एक बहुत ही डाउन टू अर्थ व्यक्तित्व के साथ-साथ एक मैचो चार्म है जो उन्हें खासकर फीमेल प्रशंसकों के बीच बेहद डिसाइरेबल बनाता है।